





## एक नजर में

### नियम विरूद्ध संचालित वाहनों से 34 हजार वसूले



**शाजापुर, 5 फरवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में परिवहन विभाग शाजापुर क्षेत्र में स्कूली वाहन बस/यात्री वाहन, मैजिक आदि वाहनों की सघन चैकिंग कार्यवाही की गई. जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रीना किराड़े ने बताया कि चैकिंग के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, पीयूसी, बीमा, फायर फायटर, फर्स्ट एड बॉक्स, इंमरजेंसी गेट, कैमरा आदि चैक किए गए. नियम विरूद्ध पाई गई ब्राईट फ्यूचर एकेडमी की 4 बस एवं कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी की 2 बस को जब्त किया गया एवं नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही की जाकर 34 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई. चैकिंग की कार्यवाही आगामी दिनों में निरंतर जारी रहेगी.

### केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



**शाजापुर, 5 फरवरी.** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य ने बताया कि पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय शाजापुर में 29 जनवरी से 02 फरवरी तक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा किया गया. उक्त परीक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की समुचित जांच की गई एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया, जिससे बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़े.

### 2800 किलोग्राम लाहन नष्ट, 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की



**शाजापुर, 5 फरवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध सतत अभियान चलाए जाने के तारतम्य में आज मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण के लिए वृत्त क्रमांक 2 शाजापुर एवं वृत्त शुजालपुर अंतर्गत रुलकी कंजर डेरा एवं सुभाषनगर कंजर डेरे में पुलिस व आबकारी बल द्वारा सामूहिक दबिश के दौरान लगभग 2800 किलोग्राम लाहन, जिसे मौके पर नष्ट किया एवं 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त हुई, जिस पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए. उक्त कार्यवाही में बेरछा थाना प्रभारी भरत सिंह किराड व थाना बल, सुंदरसी थाना बल, अवन्तिपुर बड़ोदिया, थाना बल कालापीपल, थाना प्रभारी जगेत, उपनिरीक्षक रवि भंडारी, मुनेश्वर भगत व थाना बल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती बबीता शिंदे, आबकारी उप निरीक्षक सुरेश पटेल, मीनाक्षी बोरदिया, महेंद्र परमार, आबकारी आरक्षक लखन सिंह सिसोदिया, राकेश जमरा, अमित शर्मा तथा सैनिक देवकरण व बाबूलाल का विशेष योगदान रहा.

### 145 आवेदकों का प्रारंभिक चयन



**शाजापुर, 5 फरवरी.** शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर द्वारा युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन आज जेएनएस शासकीय स्नात्कोतर महाविद्यालय शुजालपुर में किया गया, जिसमें 367 आवेदकों ने भाग लेकर साक्षात्कर दिया. इनमें से 145 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया. जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेला में आमंत्रित निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित नियोजकों ने भाग लिया. जिन्होंने सेल्स मेन, ट्रेनी, सेल्स एवं मार्केटिंग वर्कर, हेल्पर, मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सहायकए हेल्पर, एक्जीक्यूटिव फील्ड ऑफिसर, बीमा सलाहकार, इत्यादि पदों के लिए साक्षात्कार लेकर 145 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया. जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र शाजापुर द्वारा 41 एवं आरसेटी शाजापुर द्वारा 55 आवेदकों का स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया. स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 120 आवेदकों का हेल्थ चेकअप किया गया एवं श्रम विभाग द्वारा श्रम से सबंधित जानकारी प्रदान की गई. साथ ही आवेदकों को कॅरियर काउंसिलिंग के माध्यम से मनोवैज्ञानिक काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञ के द्वारा कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया. इस अवसर पर प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी एवं प्राचार्य आईटीआई राजाराम कटारिया, प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा, जॉब फेयर प्रभारी बीएल गुवाटिया, जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन बलवंत शितोले, डॉ. आशिष यादव, डॉ. बीके त्यागी, काउंसलर वैभव जैन, सुरेन्द्र सिंह मालवीय सहायक प्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान से जितेन्द्र विश्वकर्मा, श्रम अधिकारी आरएस प्रजापति, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. भूपेन्द्र परमार आदि उपस्थित थे.

# विद्युत कंपनी एई ओझा निलंबित, सिंगरौली किया अटैच

**मामला बिजली उपकेंद्र से सामान चोरी के आरोप में दो कबाड़ी ,वाहन चालक और मजदूर समेत 6 पर केस का**

**समिति ने जांच रिपोर्ट में ओझा की गंभीर लापरवाही मानी, विभागीय जांच भी बैठाई**



एई विजय ओझा

**शुजालपुर, 5 फरवरी. सिटी मंडी रोड स्थित बिजली कंपनी के 132 केवी उपकेंद्र से सामान बिक्री और इसमें दो कबाड़ी, वाहन चालक और मजदूर समेत 6 लोगों पर केस दर्ज होने के मामले में विभागीय जांच समिति ने उपकेंद्र प्रभारी एई विजय ओझा की गंभीर लापरवाही मानी है. रिपोर्ट जबलपुर मुख्यालय भेजे जाने के बाद वहां से एई ओझा को तत्काल निलंबित कर सिंगरौली अटैच किया गया है. उन्हें वहां टेस्टिंग डिवीजन में अटैच किया गया है.**

पीआरओ मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी कैंप जबलपुर शशिकांत ओझा ने बताया कि मामले की जांच उज्जैन से एसी योगेशकुमार माथुर और उज्जैन के ही ईई बीके चौधरी ने की थी. दोनों ने प्रथम दृष्टया मामले में एई ओझा की लापरवाही गंभीर मानी है. इसी के आधार पर उन पर यह कार्रवाई की गई है. साथ ही ओझा के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की जा रही है, जो जल्द ही अपनी विस्तृत रिपोर्ट देगी. उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. कमेटी की घोषण चीफ इंजीनियर जबलपुर अमरकीर्ति सक्सेना जल्द ही करेंगे.

**यह है मामला...**

सिटी थाना शुजालपुर में 31 जनवरी को कार्यपालन अभियंता अरुणकुमार कनोजिया की सूचना पर कैलाश बागरी, जावेद खान, शकील खान, आरिफ खान, इस्माइल खान एवं आमिर के विरुद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया. केस में उल्लेख किया गया कि 132 केवी उपकेंद्र से सामग्री 220 केवी उपकेंद्र भेजी जानी थी, लेकिन वाहन चालक और अन्य लोग उसे वहां न ले जाकर कबाड़ी के घर ले गए. इधर मामले में पीड़ितों का कहना है कि सामग्री विभागीय अधिकारी ने बेची थी.

### पुलिस ने एफआइआर में भी कर दी थी गड़बड़ी!

इधर पुलिस एफआइआर में दशमलव लगाकर भी खेल किया गया है. इसमें कई क्विंटल जब्त सामान को किलो बताया गया है. मामले में अरुण कंजोलिया कार्यपालन अभियंता शुजालपुर ने पुलिस में शिकायत की. पुलिस ने दर्ज एफआइआर में दशमलव लगाकर सामान की मात्रा बदल दी. 497 किलो सामान को केवल 4 किलो 900 ग्राम और 297 किलो को केवल 2 किलो 900 ग्राम दर्ज किया है.

### यह सामान बेचा गया था !

कबाड़ी के आरोपों के अनुसार उपकेंद्र पर पदस्थ एई विजय ओझा ने परिसर में रखी लाखों की सामग्री कबाड़ के रूप में बेचने की बातचीत की थी. 29 जनवरी शाम उपकेंद्र परिसर जाकर तांबे की रॉड, क्वाइल रिले, एल्यूमीनियम, लोहा, बैटरी सहित अन्य उपकरण देखे. 30 जनवरी को सामग्री की कीमत तौल उपरांत 1 लाख 22 हजार 360 रुपए बनी थी, जिसकी राशि ओझा को राउंड फिगर में 1 लाख 22 हजार 500 रुपए अकोदिया रोड स्थित एक कैफे दिए गए. तौल कार्य करने के बाद 132 केवी से ली गई सामग्री अपने गोदाम पर भेज दी. जहां पर कबाड़ा उतारा जा रहा था तभी पुलिस पहुंची और इसे चोरी का माल बता दिया, जबकि विभागीय रजिस्टर में वाहन, व्यक्तियों की आवक जावक दर्ज की गई, जिसमें सामग्री एई के आदेश से ले जाने का उल्लेख है. 30 जनवरी को कंपनी अधिकारियों को सूचना नहीं दी गई. 31 जनवरी को मामला मीडिया में आने के बाद पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया था.

*इनका कहना है*

"पूरे मामले में कार्यपालन यंत्री अरुण कंजोलिया की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि उन्होंने बिना प्रारंभिक जांच के मामले में एफआइआर दर्ज करवा दी. दो सदस्यीय जांच कमेटी ने रिपोर्ट दी थी जिसमें एई विजय ओझा की गंभीर लापरवाही मानी गई है. इस लापरवाही पर ओझा को निलंबित कर सिंगरौली स्थित टेस्टिंग डिवीजन में अटैच किया है. साथ ही विभागीय जांच भी शुरू की जारी है. रिपोर्ट आने के बाद आने की कार्रवाई की जाएगी.

**-शशिकांत ओझा, पीआरओ, मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी कैंप, जबलपुर**"

# किश्त विवाद में दो भाईयों पर जानलेवा हमला

### दूध के रुपए छीनने का आरोप, सात के विरूद्ध एफआइआर दर्ज

**शुजालपुर, 5 फरवरी. वाहन की किश्त बकाया को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर पत्थर से हमला कर घायल करने और उसके भाई पर चाकू से वार करने का मामला सामने आया है. पीड़ित ने आरोपियों पर मारपीट कर दूध के रुपए छीनकर ले जाने का आरोप लगाया है.**



मंडावर निवासी संजय सिंह राजपूत 27 वर्ष ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 5 फरवरी को अपने भाई श्रीपाल के साथ मोटरसाइकिल से शुजालपुर बस स्टैंड के सामने स्थित मां भवानी दूध डेयरी से हिसाब के रुपए लेकर गांव लौट रहा था. दोपहर करीब 12 बजे पचोर रोड दरगाह के सामने पंकज परमार की एजेंसी से जुड़े लोग विजेंद्र, अमन, अंकित सिसोदिया व लल्ला लववंशी ने उसे रोक लिया और किस्त बकाया होने की बात कहकर गाली-गलौज करने लगे.

आरोप है कि विवाद के दौरान विजेंद्र ने पत्थर से संजय के सिर पर वार किया, जिससे वह घायल हो गया. इसी दौरान मौके पर पहुंचे चेतन, पंकज परमार व योगेश ने भी मारपीट की. आरोप है कि चेतन ने संजय के भाई श्रीपाल की पीठ पर चाकू से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. पीड़ित के अनुसार मारपीट के बाद आरोपी दूध के रुपए छीनकर मौके से फरार हो गए. घटना के समय विजय सिंह व अजय सिंह ने बीच-बचाव किया. पुलिस ने संजय की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. उपनिरीक्षक पुलिस एनिम टोप्पो ने बताया कि किसी भी वाहन की किस्त बकाया होने पर सिजिंग की कार्यवाही के लिए संबंधित वसूलीकर्ता को पुलिस थाने को सूचना देना चाहिए और सिजिंग के बाद भी सूचना दी जाना चाहिए, हालांकि थाना क्षेत्र में किसी प्रकार की सिजिंग की सूचना प्राप्त नहीं हुई.

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाजापुर, 5 फरवरी.** राजगढ़ निवासी एक मजदूर की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई. उसकी मोटर साइकिल को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसे परिजन व अन्य लोग निजी वाहन से जिला अस्पताल लाए थे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार सद्दाम अपनी बाइक से मगराना से पड़ाना की ओर जा रहा था. तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए सद्दाम को परिजन अपने निजी वाहन से शाजापुर जिला अस्पताल लेकर आएए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. अस्पताल पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची. चौकी प्रभारी प्रधान आरक्षक पदम सिंह ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम रूम में रखवाया गया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया गया. फिलहाल अस्पताल पुलिस चौकी ने जीरो पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस द्वारा वाहन की तलाश की जा रही है.

# बसाहटों की संपर्कता के लिए डीपीआर तैयार करने का काम शुरू




**शाजापुर, 5 फरवरी. मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक नीलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई शाजापुर द्वारा मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना अंतर्गत पात्र बसाहटों को संपर्कता प्रदान किए जाने के लिए सड़क निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है.**

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे सुदुर बसाहटों मजरा, टोला, धानी, पुरा, फलिया इत्यादि का बारहमासी सड़क द्वारा संपर्कता प्रदान किया जाना है, जो कि प्रधानमंत्री ग्रमीण सड़क योजना एवं अन्य योजना अंतर्गत पात्र नहीं है. जिला स्तर पर अनुमोदित प्राथमिकता सूची में शाजापुर जिले में कुल 85 किलोमीटर लंबाई की 95 संपर्कता विहीन पात्र बसाहटें प्रस्तावित की गई हैं. जिनमें से प्रारंभिक रूप से प्रति विधानसभा 20 किलोमीटर लंबाई के मार्गो की डीपीआर तैयार की जाएगी.

### जामनेर में कल भव्य प्राण प्रतिष्ठा व 19वां सुंदरकांड

**शुजालपुर, 5 फरवरी.** ग्राम जामनेर के समस्त मंदिरों में चल रहे 21 सुंदरकांड के पावन संकल्प के अंतर्गत 19वां सुंदरकांड कार्यक्रम शुक्रवार 6 फरवरी को गुजरातीपूरा स्थित श्री बाबा रामदेवजी महाराज मंदिर में श्रद्धा व भक्ति के साथ आयोजित होगा. संकल्पकर्ता एडवोकेट अमित मालवीय ने बताया कि प्रात: वैदिक मंत्रोच्चार के साथ डाला बाई, सुगना बाई एवं भाटी जी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा ज्योतिषाचार्य पं. ओमप्रकाश शर्मा द्वारा विधि-विधान से कराई जाएगी. रात्रि 8 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारा एवं सुंदरकांड पाठ होगा. कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक हुकमसिंह गुर्जर सहित अन्य कलाकार भजन प्रस्तुति देंगे. सुंदरकांड पाठ जय सीताराम सुंदरकांड मंडली द्वारा कराया जाएगा.

# शहर में फिर दिनदहाड़े बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**शाजापुर, 5 फरवरी. नगर में दिनदहाड़े बदमाश बेखौफ होकर लोगों की बाइक पर हाथ साफकर रहे हैं. कुछ दिनों पहले भी दिन में ही एक युवक की बाइक एक दुकान के पास से बदमाश चुरा ले गया था. वहीं गुरुवार को भी एक बदमाश ने दिनदहाड़े कलेक्टर बंगले के पास से ही एक युवक की बाइक चुरा ली.**

चोरों ने व्यस्त स्टेशन रोड और टंकी चौराहा क्षेत्र में वारदात को अंजाम दिया. यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है. जानकारी के अनुसार चोरों ने पहले स्टेशन रोड स्थित अग्रवाल किराना स्टोर के पास खड़ी एक बाइक का लॉक तोड़ने का प्रयास किया. करीब आधे घंटे तक कोशिश करने के बाद असफल रहने पर वे वहां से निकल गए. इसके बाद चोर टंकी चौराहा पहुंचे जहां कलेक्टर बंगले के पास खड़ी दूसरी बाइक का लाक तोड़कर उसे लेकर फरार हो गए. दोनों ही स्थानों की घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड हुई है.

**पुलिस को सौंपे सीसीटीवी फुटेज**

मामले में फरियादी संदीप राजपूत 19 वर्ष पिता ईश्वरसिंह राजपूत निवासी आरएस कोल्ड स्टोर्स मझानिया जोड़, शाजापुर ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है. संदीप पाटीदार हार्डवेयर टंकी चौराहा में काम करते हैं. उन्होंने बताया कि अपनी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक क्रमांक एमपी 70 एमपी 5748 को शाम 4.30 बजे गोडाउन के सामने लॉक कर खड़ा किया था. शाम 7.30 बजे लौटने पर बाइक मौके से गायब मिली. आसपास तलाश और पूछताछ के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लगा. कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है. जल्दी ही चोर गिरफ्तार होंगे.

**हाथ से मोबाइल छुड़ा भाग गए बदमाश**

एक युवक का मोबाइल छुड़ाकर बदमाश फरार हो गए. यह वारदात भी दिनदहाड़े हुई. 18 वर्षीय अंकित उस समय अपनी मां संगीता बाई से बात कर रह था. उसी समय दो युवक बाइक पर आए और मोबाइल छुड़ाकर भाग निकले. अंकित के अनुसार दोनों ने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था. अंकित ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है. फरियादी अंकित विश्वकर्मा टुकराना जोड़ निवासी हैं और अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे. वह अपनी मां से मोबाइल पर बात कर रहे थे. जब अंकित बरवाल घाटी पहुंचे, तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाश आए. पीछे बैठे बदमाश ने अंकित के दाहिने हाथ से मोबाइल छीन लिया और दोनों तेजी से फरार हो गए. बदमाशों ने अपने चेहरे पर सफेद कपड़ा बांध रखा था, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी. अंकित ने पनवाड़ी तक उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन बदमाश सारंगपुर की दिशा में भाग निकले. छीने गए



मोबाइल की कीमत लगभग 10500 बताई गई है.

## एक नजर में

### किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत जिलास्तरीय कार्यशाला एवं पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ

# उद्यानिकी फसलों की आधुनिक तकनीकों एवं योजनाओं पर दी जानकारी

**सोयतकलां, 5 फरवरी. किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनांतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला एवं पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को नवीन कम्यूनिटी हॉल आगर में किया गया.**



कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया. इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव, अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, संयुक्त संचालक उज्जैन संभाग उद्यान आशीष कुमार कनेश, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ रामनारायण तेजरा तथा जिला मंत्री भारतीय किसान संघ राघुसिंह उपस्थित रहे. अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा एवं स्वागत उद्‌बोधन अर्जुन सिंह राजपूत, उप संचालक उद्यान जिला आगर-मालवा द्वारा प्रस्तुत किया गया. इसके बाद संयुक्त संचालक उद्यान आशीष कुमार कनेश द्वारा उद्यानिकी फसलों की आधुनिक तकनीकों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई. कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए गए. कार्यक्रम में अनोखीलाल चौहान, प्रेमसिंह चौहान, सुरेंद्र यादव, अशोक झन्कारे, श्रीमती ललिता वर्मा, अरविंद परमार, धीरज गोयल, दिव्या शाह, अर्जुन यादव सहित उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे.

**किसानों को दिया अनुदान**

कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025-26 में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनांतर्गत हितलाभ वितरण किया गया. घटक यंत्रीकरण अंतर्गत 20 बीएचपी ट्रैक्टर हेतु श्यामसुंदर पाटीदार, विकासखंड सुसनेर को 2.25 लाख रुपए तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत मिनी स्प्रिंकलर हेतु अभिवन जैन, ग्राम गिरोली, विकासखंड बड़ौद को 1.90 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया गया.

### फूलों की खेती के लिए किया प्रोत्साहित...

मुख्य अतिथि ओम मालवीय ने कृषकों से उद्यानिकी फसलों की उन्नत तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया. कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने कृषकों को फूलों की खेती की ओर प्रोत्साहित करते हुए इसे आयवर्धन का प्रभावी माध्यम बताया. रामनारायण तेजरा ने उद्यानिकी फसलों में नवीन तकनीकों के उपयोग पर बल दिया. कार्यक्रम स्थल पर पुष्प प्रदर्शनी के साथ-साथ सूक्ष्म ड्रिप सिंचाई, सब्जी, फल, मसाला, प्राकृतिक खेती तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से संबंधित उत्पादों की सजीव प्रदर्शनी भी लगाई गई.

### प्राकृतिक खेती के बारे में बताया

कृषि वैज्ञानिक डॉ. डीके तिवारी द्वारा उद्यानिकी फसलों में प्राकृतिक खेती पर जानकारी दी गई. वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. आरपीएस शक्तावत द्वारा संतरा उत्पादन एवं उन्नत तकनीकों पर प्रकाश डाला गया. वहीं प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर डॉ. जीआर अंबावतिया द्वारा औषधीय एवं सुगंधित फसलों की उन्नत खेती की जानकारी दी गई तथा डॉ. गायत्री रावल द्वारा उद्यानिकी फसलों के मूल्य संवर्धन विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया.

### स्वतंत्रता संग्राम सैनानी की पुण्य तिथि आज



**शुजालपुर, 5 फरवरी.** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय नंदराम सोनानिया की 13 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके गृह ग्राम अरनियाकलां में समाधि स्थल पर प्रतिभाओं का सम्मान एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाएगा. इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें जनप्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे. जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक बालमुकुंद सोनानिया ने बताया कि 6 फरवरी को सुबह 9 बजे श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा. इसके पश्चात प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा.